**खबर संक्षेप**

### शांति समिति की बैठक में होली, रंगपचमी, ईद उल फितर शांति से मनाने की अपील



**मैहर।** देश में आगामी त्यौहारों को लेकर जिला कलेक्टर सभागार में शांति समिति की बैठक का संपन्न हुई जिसमें आगामी होली रंगपंचमी,रामनवमी एवं ईद उल फितर का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई वहीं पर विभिन्न मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य ने हूटर लगाकर वाहन चलाने वालों से हूटर हटाने की अपील की गई वहीं निमयों का पालन न करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई।इसी प्रकार निजी वाहनों में हूटर,फ्लैश लाइट,व्हीआईपी स्टीकर,एवं गलत नंबर प्लेट का दुरुपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आज की बैठक में मुख्य रूप से जिला कलेक्टर रानी बाटड,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,सीएसपी राजीव पाठक,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित अभिषेक सिंह परिहार, नादन टी बंजारे,ट्रैफिक इंचार्ज राशिद खान सहित मैहर के विभागीय अधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महिला दिवस पर मातृशक्ति सम्मान समारोह आज मैहर में

**मैहर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन स्वैच्छिक संगठन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद मैहर के द्वारा जिला प्रशासन की विभागी सहभागिता से 8 मार्च को दोपहर को स्थानीय सरना पैलेस में किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री म.प्र.शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास होंगी जब कि अध्यक्षता मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। स्वैच्छिक संगठन प्रतिनिधि से सभी मातृशक्तियों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### प्रिज्म चैंपियन सितारे कार्यक्रम में शीर्ष ठेकेदारों को किया सम्मानित

**सतना।** प्रिज्म सीमेंट ने सतना आरएमओ कार्यालय में प्रिज्म चैंपियन सितारे कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें सतना और पन्ना जिले के शीर्ष 10 ठेकेदारों को सितारे प्रोग्राम में जोड़ते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए गोल्ड मैडल एवं माल्यार्पण द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्हें आईडी कार्ड एवं विजिटिंग कार्ड भी प्रदान किए गए एवं उन्हें उत्कृष्ट कार्य को निरंतर रखने हेतु प्रेरित किया गया।

रिश्तेदारी में शामिल होने के बाद वापस सीधी के कोष्टा गांव जा रहे थे

## कोटर के पास रजरवार गांव में पिकअप पलटने से दो दर्जन लोग घायल







**सतना। कोटर थाना क्षेत्र के रजरवार गांव में शुक्रवार की दोपहर एक पिकअप के पलट जाने के कारण उसमें सवार दो दर्जन लोग घायल हो गए। सभी को पुलिस ने राजगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां पर उनका इलाज किया गया।**

यह लोग सीधी के कोष्ठा गांव के रहने वाले हैं और बुधवार को कोष्टा से अबेर गांव में अपने रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। हादसा उस वक्त हुआ जब सभी लोग पिकअप में सवार होकर वापस जा रहे थे। घायलों में पांच लोगों की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पिकअप में सवार सभी लोग कोटर थाना क्षेत्र के अबेर गांव में अपने रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे शुक्रवार को जब सभी लोग वापस जा रहे थे तभी रजरवार गांव के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप वहां नियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद चीख पुकार मच गई राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### अपने वाहन में घायलों को अस्पताल ले गए थाना प्रभारी

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे कोटर थाना प्रभारी दिलीप तिवारी ने सड़क से निकल रहे वाहनों को रोका और घायलों को स्थानीय नागरिकों की मदद से पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उन्होंने कई अन्य घायलों को अपने वाहन में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया और उनका इलाज कराया। खबरों के मुताबिक घायल साकेत परिवार के हैं जिसमें पांच लोगों की हालत ज्यादा खराब है जिनका इलाज सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## धान खरीदी केन्द्रों पर ईओडब्ल्यू का छापा, बड़े पैमाने पर गोलमाल



**सतना।** शहर में पिछले 4 दिन से इनकम टैक्स कि कार्रवाई चल ही रही थी कि इस बीच सूचना आई की ईओडब्ल्यू ने मैहर के धान खरीदी केंद्रों पर छापा मारा है जहां पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी निकलकर सामने आई है। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक छापा मार कार्यवाही में ईओडब्ल्यू को ई-उपार्जन केंद्रों से 4 हजार क्विंटल धान कम मिली है। खबर है कि जिलेभर में छापेमारी जारी है। मैहर के मनकीसर धान खरीदी केंद्र में एक करोड़ रुपए की धान गायब होने का मामला सामने आया है। ई-उपार्जन केंद्र से 4,000 क्विंटल धान कम पाई गई है।

बदल गया कार्यक्रम स्थल, कई लोगों के घायल होने की खबर

## भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खियां का हमला, मची भगदड़

**सतना।** शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित पुलिस शहीद स्मृति पार्क के भूमि पूजन की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान मधुमक्खियां अचानक पेड़ पर लगे छत्ते से उड़ने लगीं और मौके पर मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। जिसमें कई लोग घायल भी हो गए हैं। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल को बदल कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कर दिया गया। दरअसल,सतना जिले में शुक्रवार लगभग 11 बजे सिविल लाइन स्थित पुलिस शहीद स्मृति पार्क के भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता समेत कई कई लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी पहुंचने ही वाली थीं। इसी दौरान पार्क में मौजूद एक पेड़ पर लगे छत्ते से मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद निगम कमिश्नर,निगम अधिकारी और कर्मचारी सहित सभी को कार्यक्रम स्थल छोड़कर भागना पड़ा। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए हैं। जिसके बाद कार्यक्रम स्थल को बदल कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कर दिया गया। शहीद स्मृति पार्क के भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## कठवरिया घाटी में मिलावटी सीमेंट का कारोबार, वीडियो वायरल






**सतना।** मिलावटी सीमेंट के अवैध कारोबार का एक वीडियो फिर से सामने आया है। इसके पहले फरवरी के महीने में साल 2021 को मैहर में मिलावटी सीमेंट के कारोबार का पता चला था। शुक्रवार को जो वीडियो सामने आया है उसमें बताया जा रहा है कि नागौद-कालिंजर मार्ग पर कठवरिया घाटी में करीब 2 किलोमीटर के दायरे में ये धंधा किया जा रहा है। खबरों के मुताबिक मैहर और सतना की सीमेंट फैक्ट्रियों से लूज सीमेंट ले जाने वाले वाहन चालक इन अवैध विक्रेताओं को 200 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से माल बेचते हैं।

### साल 2021 में भी मामला आया था सामने

साल 2021 में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष के गोदाम में मिलावटी सीमेंट का अवैध कारोबार का पता चला था। ढाबों की जांच करते हुए जब पुलिस टीम गोदाम में दाखिल हुई तो माजरा सामने आ गया था। तबकी एसडीओपी मैहर हिमाली सोनी की टीम ने यहां से सीमेंट के साथ राखड़ भरी हुई कई बोरी, तौल कांटा,ट्रैक्टर ट्रॉली,पैकिंग मशीन समेत अन्य सामान जब्त किया था। कार्यवाही के बाद आरोपी भाजपा मण्डल अध्यक्ष के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत अपराध कायम किया गया था। यह कार्रवाई तब के पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर मैहर अनुभाग में काम्बिंग गस्त कराई जा रही थी। अनुभाग के सभी थाना प्रभारी अपने अपने इलाके में जांच कर रहे थे और एसडीओपी हिमाली सोनी राउण्ड कर रही थीं। हाइवे के ढाबों को जांचते हुए पुलिस टीम जब अमदरा के भाजपा मण्डल के घुनवारा के पास स्थित पुराने ढाबे पर पहुंची तो ढाबा के पीछे बने गोदाम में सीमेंट की बोरियां पैक होते मिलीं थी।

### मजदूरों ने बताई थी हकीकत

मौके पर मिले मजदूरों से पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उन्हें बोरी पैक करने और लोडिंग का पैसा मिलता है। अपने तरीके से छानीबन करने पर पुलिस को पता चला है कि सीमेंट में मिलावट का यह कारोबार रात के अंधेरे में तेजी से चलता था। पूर्व में कुछ सूचनाएं मिली लेकिन स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि कहां क्या काम चल रहा है। अब जब पुलिस गोदाम तक पहुंची तो हकीकत सामने आ गई।

## बिजली विभाग ने विजिलेंस प्रकरण के कई विद्युत मीटर निकाले




**सतना।** शहर में ग्रामीण और शहर की 16 टीम ने अलग अलग स्थानों पर 178 विजिलेंस रिकवरी के कनेक्शनों के मीटर निकाले गए। सबसे बड़े प्रकरण में शहर की नामचीन हैदराबादी बिरयानी प्रो आशीष गुप्ता बसटैंड के पास विजिलेंस के 3 प्रकरणों पर 1 लाख 70 हजार रिकवरी पर मीटर निकाला गया। इसपर पूर्व में तीनों प्रकरणों में नोटिस जारी था।पूर्व में कनेक्शन काटा गया था। पर इनके द्वारा अवैधानिक तौर पर जोड़ लिया जाता था और कर्मचारियों से गाली गलौज की जाती थी।आज विद्युत विभाग की 4 टीमों और 5 अधिकारियों ने एक साथ छापा मार कार्यवाही में मीटर निकाला। इसी प्रकार शिवकंठ कुशवाहा सोहावल मोड पतेरी पर 36 हजार रिकवरी पर कनेक्शन काटा गया। इसी प्रकार सुदीप सिंह आकाश गंगा नगर 31490 पर कनेक्शन काटा गया। आज 34 कनेक्शनों में 14.5 लाख रुपए विजिलेंस रिकवरी में जमा हुआ। शनिवार को भी ऐसी ही कार्रवाई रिकवरी वाले प्रकरणों पर की जाएगी। वर्तमान में 1000 कनेक्शन में 4 करोड़ रुपए बकाया है। जिसकी वसूली की कार्रवाई की जा रही है। कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि ऐसे उपभोक्ता जिनपर विजिलेंस या संभागीय टीम द्वारा केस बनाए हैं वो शनिवार को 11 बजे से 5 बजे तक न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आयोजित है जिसमें अपनी रिकवरी राशि को नियमानुसार जमा कर आरोप से मुक्त हो सकते हैं। जो उपभोक्ता अगर राशि जमा नहीं करते हैं तो उनके कनेक्शन को स्थाई रूप से विच्छेदित किया जा सकता है। इससे बचने के लिए लोक अदालत में आ सकते हैं।

## विकास के नाम पंचायत के पैसों का हो रहा दुरुपायोग

दस वर्षों से पड़ा है अधूरा सामुदायिक शौचालय

**मैहर।** मैहर जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से ग्राम पंचायतों के सरंपचों एवं सचिवों के द्वारा पंचायत विकास के लिए मिलने वाले रुपयों का दुरुपयोग किए जाने से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है जिसकी शिकायत जनपद पंचायत मैहर में किए जाने के बावजूद अधिकारियों के द्वारा न तो कार्य का निरीक्षण किया जाता है न निर्माण कार्य को पूरा किए जाने के आदेश दिए जाते हैं जिससे सरपंच और सचिव मनमानी करते हुए अमानत में ख्यानत करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला आज फिर सामने आया है जिसमें बताया जा रहा है कि यह मामला आमातारा ग्राम पंचायत का है जहां दस वर्षो से ग्राम पंचायत भवन के बगल से सामुदायिक शौचालय बनाने के आदेश हुए है और रुपया भी निकल गया मगर आज तक शौचालय अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों को शौच जाने के लिए खेतों में जाना पड़ता है जिसके लिए इस शौचालय बनाने का आदेश हुआ था। ग्रामीणों के द्वारा जब भी संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत के अधिकारियों से पूंछा जाता है कि आखिर कितने वर्ष और लग जायेंगे इस शौचालय को पूर्ण और उपयोगी होने में लेकिन कोई जवाब नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर आवश्यकता नहीं थी तो सरपंच सचिव के द्वारा इसका प्रस्ताव ही क्यों दिया गया। वहीं सरकार पैसा देने के बाद उस पैसे से होने वाले निर्माण कार्य की कोई परवाह क्यों नहीं करती है। ग्रामीणों को आरोप है विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से सरपंच सचिव करते हैं खुले आम पैसे की बंदरबांट कर रहे जिसके चलते पंचायत का विकास नही हो पा रहा है यदि नहीं तो ग्राम पंचायतों में ऐसे कई काम जो अधूरे पड़े हैं उनकी जांच क्यों नहीं होती है जांच हो जाए तो सब पोल खुल जाएं।

## भटूरा में बच्चों को मिलता है सूखा चावल और दाल का पीला पानी



### स्व सहायता समूह ने आज तक नही दिया मीनू के अनुसार भोजन

**मैहर।** मैहर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भटूरा के शासकीय माध्यमिक शाला में अव्यवस्था के चलते विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को कभी भी मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। बच्चों एवं अभिभावकों का आरोप है कि मध्यान्ह भोजन में दबंगों का हाथ है जिसके कारण विद्यालय में मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। बताया जाता है कि लक्ष्मी स्व सहायता समूह और सरस्वती स्व सहायता समूह भटूरा मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य कर रहा है। जब से इनको मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य मिला है तब से यही हाल है कि मध्यान्ह भोजन के नाम पर घटिया सूखा चावल दिया जाता है और दाल भी ऐसी होती है कि पीले पानी में कहीं-कहीं एक दो दाने दाल के दिखते हैं नहीं तो दाल के नाम पीला पानी ही दिया जाता है। इसी प्रकार जितने बच्चें विद्यालय में पढ़ते हैं उसके अनुसार भोजन नही बनाया जाता है नाम मात्र के लिए हमेशा घटिया भोजन बनता है और बच्चों का थोड़ा-थोड़ा दे दिया जाता है दोबारा मांगने पर कह दिया जाता है कि खत्म हो गया है। बताया जाता है कि बच्चों को भोजन इतना खराब लगता है कि जब तक वह अपने घर से लाए गए मिर्ची के साथ न खाएं तो भोजन खा ही नहीं सकते हैं। इस संबंध में अभिभावकों के द्वारा कई बार शिकायतें भी की गई मगर कोई अधिकारी सुनने वाला नही है जिससे बच्चों के भोजन में लापरवाही बरती जा रही है। जनप्रतिनिधि भी कभी विद्यालय में बन रहे भोजन को देखने नही जाते हैं कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन के नाम कैसा भोजन दिया जाता है। अभिभावकों ने जिला कलेक्टर से भटूरा विद्यालय में बन रहे भोजन का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।




### मनीष पांडे जिला दवा विक्रेता संघ के संगठन सचिव बनाए गए



**सतना।** जिला दवा विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष दीन दयाल तिवारी के निर्देश में दवा व्यापारी एवं समाज सेवी मनीष पांडे को जिला दवा विक्रेता संघ सतना का संगठन सचिव बनाया गया है। जिले के समाज सेवियो ने हर्ष व्यक्त किया जिसमें प्रदेश समन्वयक देशराज सिंह पटेल एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष शरद पांडे,कुंवर राजीव सिंह,दूर संचार सलाहकार समिति,पूर्व सदस्य बंटी वसानी,जयकुमार शर्मा कृष्ण प्रताप सिंह,पप्पू छतानी,प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट मुख्तयारअहमद सिद्धिकी,सफायत उल्ला प्रदेश सचिव सज्जाक खान ने हर्ष व्यक्त किया कहा जो जिम्मेदारी मनीष पांडे को दी गई है उसमें वो सराहनीय कार्य करेंगे। जिसमें डॉ हेमन्त पांडे,पूर्व एल्डरमैन नरेन्द्र सिंह,आर बी सिंह,समाजसेवी मनीष पांडे,डॉ राहुल सिंह गहरवार,डॉ अनूप सिंह,कुंवर सिंह,डॉ लोकेंद्र सिंह,डॉ लोकेंद्र सिंह,डॉ अभिषेक सिंह,हमजा ख़ान,राजा शुक्ला,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सन्तोष गेलानी,जितेंद्र जिवानी,जितेंद्र आवतवानी प्रतीक अग्रवाल,जीतू वसानी,अनिल भाई ने भी हर्ष व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को सहायता राशि का अंतरण आज

**पन्ना।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 की लाभार्थी महिलाओं को मार्च माह की सहायता राशि का अंतरण शनिवार, 8 मार्च को किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहनों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक के जरिए राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम नगरीय निकायों के वार्डों और ग्राम स्तर तक वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम आयोजन के संबंध में समस्त एसडीएम, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## पन्ना पुलिस ने 5 साल से फरार स्थाई वारन्टी को किया गया गिरफ्तार

**मारपीट की विभिन्न धाराओं मे था फरार**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना अजयगढ के प्रकरण क्रमांक 182/19 धारा 323, 294, 506 भादवि में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजयगढ श्री पलक श्रीवास्तव के द्वारा आरोपी दिनेश अहिरवार पिता संतोष अहिरवार निवासी कुँवरपुर थाना अजयगढ के विरूद्ध दिनांक 25/01/2024 को स्थाई वारण्ट जारी किया गया था। मामले में थाना प्रभारी अजयगढ उनि0 रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले के स्थाई वारण्टी की तलाश हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। साथ ही पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से वारण्टी के संबंध में जानकारी एकत्रित करने हेतु सहयोग लिया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के स्थाई वारण्टी को दिनांक 07/03/2025 को बीरपुर केपास से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ उनि0 रवि सिंह जादौन, सउन जोहर सिंह, प्रधानआरक्षक खेमचंद राय, आरक्षक ,श्याम सुंदर एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों ने एक राय होकर की मारपीट शिकायत पर मामला दर्ज

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हिनौती में पारिवारिक रंजिश एवं जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों ने एक राय होकर अपने ही परिवार के एक सदस्य के साथ खेत में जाकर मारपीट कर दी और उसे घायल कर दिया घटना के विषय में फरियादी उत्तम प्रजापति पिता परमलाल प्रजापति उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम हिनोति ने अमानगंज थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि इसका परिवार के अरविंद और टीकाराम प्रजापति से जमीनी विवाद चल रहा है जिस पर दोनों ने एक राय होकर फरियादी के साथ खेत में मारपीट कर दिया है और घायल कर दिया फरियादी की सूचना पर अमानगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धराओ में में मामला दर्ज किया।

### पन्ना पुलिस ने 2 लूट की घटनाओं का किया खुलासा

# शाहनगर थाना क्षेत्र में लूट की घटना कारित करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 01 मोटर साइकिल, 03 मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल जप्त**



**पन्ना।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार व पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना शाहनगर की पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना के मामले में 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 11/02/25 को फरियादी रामचन्द्र चौधरी पिता भागचन्द्र चौधरी निवासी खम्हरिया थाना रीठी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 09/02/25 को मैं एवं मेरे परिवार के लोग भतीजी के तिलक (लगन) कार्यक्रम में शामिल होने के लिये ग्राम बडेरा गये थे । घर के सभी सदस्य अन्य साधनो से आगे निकल गये थे मैं और मेरा चचेरा भाई मोटर साइकिल से जा रहे थे तभी रास्ते में ठंड लगने के कारण हम दोनो सुडोर मोड में आग सेंकने लगे तभी 02 मोटर साइकिल से 04 लड़के आये और हम लोगो को गाली गलौच करते हुये दोनो लोगो के पर्स में रखे 10 हजार रूपये एवं दोनो लोगो के 02 मोबाइल लूट ले गये थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 42/25 धारा 309 (4), 309 (6) ठछै का कायम किया गया। इसी प्रकार एक अन्य फऱियादी जगत पटेल पिता श्री शिवलाल पटेल नवासी बडगाँव रीठी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई, कि दिनांक 09/02/25 को मैं अपने दोस्त कृष्ण कुमार के साथ मोटरसाइकिल से अपने गाँव से अपनी मौसी के घर बीजाखेड़ा गया था। रात में करीब 09 बजे के मैं मौसी के घर से अपने घर वापस आ रहा था, रास्ते में अरथाई तिराहा के आगे खमरिया मोड के पास मैं पेशाब करने के लिये रूका तभी 02 मोटरसाइकिलो से 5 लोग वहाँ आ गये और मुझे और मेरे दोस्त को पकड़कर हम लोगो को गाली देते जेब में रखे 500 रूपये, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन लूट कर ले गये हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना शाहनगर में अप.क्र. 43/25 धारा 309 (4), 309 (6) ठछै का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना के सहयोग से अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये । मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया मुखबिर सूचना के आधार पर मामले में पुलिस टीम द्वारा चिन्हित 05 व्यक्तियों को दिनांक 05/03/25 को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई पूँछताछ पर संदेहियो द्वारा अपने अपने नाम एवं पता पुलिस टीम को बताये गये । पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर उक्त संदेहियो द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा दोनो मामलो में संलिप्त 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 01 मोटर साइकिल कीमती करीब 45 हजार रूपये, लूटे गये 03 मोबाइल कीमती करीब 25 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल कीमती करीब 90 हजार रूपये, एवं 1300 रूपये नगद जप्त किये गये हैं। मामले में आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाकर पूँछताछ की जा रही है। आरोपियों से पूँछताछ पर अन्य मामलो में खुलासा होने की प्रबल संभावना है।

**गिरफ्तार आरोपी -**

1. अमित पिता बलीराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम छोटा बरहेंटा थाना रीठी जिला कटनी
2. आनंद पिता जीवन लाल पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी छोटा बरहेंटा थाना रीठी जिला कटनी
3. विक्की पिता बलराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी पटेल मोहल्ला रीठी
4. धर्मेन्द्र साहू पिता सन्तोष साहू उम्र 23 वर्ष निवासी हनुमानताल मोहल्ला रीठी
5. हितेन्द्र पिता आनंद सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रीठी थाना रीठी जिला कटनी

**जप्त मशरूका -**


पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 01 मोटर साइकिल कीमती करीब 45 हजार रूपये, लूटे गये 03 मोबाइल कीमती करीब 25 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल कीमती करीब 90 हजार रूपये, एवं 1300 रूपये नगद जप्त किये गये हैं ।

**सराहनीय योगदान -**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव, चौकी प्रभारी बोरी उनि संतोष मसराम, आर. दिनेश यादव, राविन्द्र, राकेश, राहुल कुमार, बृजेन्द्र पायक एवं पुलिस सायबर सेल पन्ना से प्र0आर0 राहुल सिंह, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह, आर0 राहुल, नितिन का सराहनीय योगदान रहा । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

# भगवान भोलेनाथ के परिवार की संपन्न हुई प्राण प्रतिष्ठा





सेवानिवृत्त शिक्षक , विजय चांसोरिया श्रीमती हेमलता चांसोरिया ने मंदिर का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कराई संपन्न।

**पन्ना**

शहर के बड़ा बाजार निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक विजय चांसोरिया जी उस समय प्रदेश की सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने सेवा नेव्रत उपरांत मिलने वाली लगभग 40 लाख रुपए की राशि गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए दान कर दी थी। जिसके बाद से पूरे प्रदेश के समाचार पत्रों में उनका नाम जन जन में पहुंच गया था। सेवानिवृत शिक्षक विजय चांसोरिया एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता चांसोरिया द्वारा लगभग 1 वर्ष उपरांत ही एक और नया धर्म कार्य कर पन्ना शहर के लिए मिशाल पेश किया गया है। उनके द्वारा मां श्री शारदा देवी मंदिर के प्रांगण में भव्य भोलेनाथ का एक मंदिर का निर्माण कराया गया इसके साथ ही भगवान श्री शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम दिनांक 3 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित किया गया ,जिसका आज भगवान भोलेनाथ का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ है । पंडित श्री शैलेंद्र पांडे जी पंडित रवि तिवारी श्रीकांत मनोज द्विवेदी पुरुषोत्तम द्विवेदी बनारस से पढ़े सभी विद्वान पंडित के द्वारा विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया है। सेवानिव्रत शिक्षक विजय चांसोरिया ने बताया कि यह भगवान की प्रेरणा से ही कार्य हुए हैं इसमें हमारा कोई योगदान नहीं है। माता शारदा माता एवं भगवान श्री जुगल किशोर जी की कृपा है जो इस पुनीत कार्य करने का सौभाग्य उन्होंने हमको सोपा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में उनके पुत्र सौरभ चांसोरिया एवं गौरव सहित परिवार के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कल दिनांक 8 मार्च 2025 को महाप्रसाद एवं भंडारा किया जायेगा। गरीब परिवार की महिलाओं को दिनांक 9 मार्च 2025 को लगभग डेढ हजार साड़ियों का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही पन्ना जिले के धर्म प्रेमी नशा मुक्ति परिवारों को भगवान भोलेनाथ के परिवार की 500 तस्वीर भेंट की जाएगी। जिसमें उन्होंने समस्त धर्म प्रेमियों से पहुंचने का आग्रह किया है।

# अटल भू जल योजना की हुई कार्यशाला



**पन्ना।**

ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन तथा भू जल स्तर में सुधार के उद्देश्य से पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखण्ड में अटल भू जल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से संचालित यह महत्वाकांक्षी योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में भी सहायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसम्बर 2019 को देश के चयनित विकासखण्डों में योजना का शुभारंभ किया था। इससे अजयगढ़ विकासखण्ड की 65 ग्राम पंचायतों के 118 ग्रामों की 2 लाख 19 हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा। अटल भू जल योजना अंतर्गत विकास व हितग्राहीमूलक कार्यों में विभागीय समन्वय तथा जनजागरूकता गतिविधियों के लिए आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अटल भू जल योजना का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान उद्यानिकी, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा क्रियान्वित अब तक के कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही आगामी कार्ययोजना के माध्यम से योजना के परिणाममूलक कार्यों के संबंध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा योजना में लक्ष्य अनुरूप प्रगति तथा कृषकों के प्रशिक्षण व सुविधाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने अटल भू जल योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने, प्रशिक्षण, जनजागरूता इत्यादि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित जिला समन्वयक जनअभियान परिषद आनंद पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### संस्कार पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

# शिक्षा विभाग की अनदेखी के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में

**देवेन्द्रनगर**



नगर में स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल पिछले दो महीनों से बंद पड़ा हुआ है, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ओर से किसी प्रकार का निरीक्षण नहीं किया गया है। इस स्थिति ने बच्चों के अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है, खासकर जब वार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं। विद्यालय बंद होने से बच्चों को हो रही परेशानी, फीस देने के बावजूद नहीं मिल रही सुविधाएं यहां के बच्चे 10 से 5 किलोमीटर की दूरी तय कर स्कूल आते हैं, लेकिन स्कूल बंद होने के कारण उन्हें घर वापस लौटना पड़ता है। बच्चों के अभिभावकों ने कई बार शिक्षा विभाग से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अभिभावकों के अनुसार, वे हर महीने स्कूल को फीस देते हैं, लेकिन बच्चों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। बीआरसी पन्ना की डॉ. कविता त्रिवेदी ने स्कूल का निरीक्षण किया, कार्यवाही की आश्वासन सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्कूल का निरीक्षण किया। बीआरसी पन्ना की डॉ. कविता त्रिवेदी मौके पर पहुंची और स्कूल को बंद पाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के संचालक को पत्र लिखकर जवाब तलब किया गया है, लेकिन जब तक जवाब नहीं आया, उच्च अधिकारियों को सूचित कर एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों ने की कार्रवाई की मांग, बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जताई। अभिभावकों ने इस लापरवाही के लिए स्कूल के संचालक और शिक्षा विभाग दोनों को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो बच्चों का साल बर्बाद हो सकता है।

**निवेदन और आश्वासन-**

बीआरसी पन्ना की डॉ. कविता त्रिवेदी ने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि इस मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी और बच्चों के भविष्य को लेकर कोई भी लापरवाही नहीं होने दी जाएगी।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटर बाइक को मारी टक्कर तीन

**अमानगंज**







पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पिपरवाह ग्राम के पास। तिघरा मोड़ पर एक तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जिसमें तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटर बाइक को टक्कर मार दी मोटर बाइक को टक्कर लग जाने से बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश पिता भाई लाल चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी तिघरा भडार जो अमानगंज से अपने घर तिघरा भडार जा रहा था तभी पिपरवाह ग्राम के समीप तिघरा मोड़ पर लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर चलाकर मोटर बाइक को टक्कर मार दी जिससे मोटर बाइक में सवार दिनेश पिता भाई लाल चौधरी उम्र 36 बर्ष एवं उसकी पत्नी मीरा चौधरी उम्र 30 वर्ष एवं साथ में बैठी बच्ची रश्मि पिता दिनेश उम्र 17 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में उपस्थित राहगीरों की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु भेजा जहां तीनों का प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया

## गेहूं के खेत से ट्रैक्टर निकालने पर हुआ विवाद, मारपीट, शिकायत पर मामला दर्ज

**अमानगंज :** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली मझगवां सेख ग्राम में एक मारपीट का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी फूल सिंह राजपूत ने अमानगंज थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी हक्कू राजपूत सुबह के समय 6:00 बजे अपना ट्रैक्टर लेकर मेरे गेहूं के खेत में जबरन ट्रैक्टर निकल रहा था मना करने पर पर विवाद होने लगा और गाली गलौच देने लगा जब इसका विरोध किया तो फरियादी के साथ आरोपी ने मारपीट की फरियादी की सूचना पर अमानगंज पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी

# श्रीमद् महाशिवपुराण कथा के सातवें दिन बृजेश महाराज ने 12 ज्योतिर्लिंगों और माता पार्वती के नौ रूपों पर दिया उपदेश



**देवेंद्रनगर।** श्रीमद् महाशिवपुराण कथा के सातवें दिन पं. बृजेश जी महाराज ने 12 ज्योतिर्लिंगों के महत्व और उनकी पूजा विधियों पर गहन उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि इन तीर्थों के दर्शन से जीवन में शांति, समृद्धि और आंतरिक शक्ति मिलती है। पं. बृजेश जी ने सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर और घुश्मेश्वर के बारे में बताया। उन्होंने सोमनाथ का उदाहरण देते हुए कहा कि यह भगवान शिव के साकार और निराकार रूप का प्रतीक है, और यहां के दर्शन से पापों का नाश होता है। मल्लिकार्जुन का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थान जीवन में समृद्धि और सुख-शांति का स्रोत है। महाकालेश्वर के बारे में उन्होंने कहा कि यह स्थान मृत्यु के भय से मुक्ति का कारण बनता है। केदारनाथ को पवित्र रूप में प्रस्तुत करते हुए पं. बृजेश जी ने कहा कि यह हिमालय में स्थित भगवान शिव का रूप है, जो भक्तों को आंतरिक शांति प्रदान करता है। त्र्यंबकेश्वर के बारे में उन्होंने कहा कि यह गोदावरी नदी के किनारे स्थित है, और यहां की पूजा से जीवन में शांति और संतुलन मिलता है। उन्होंने वैद्यनाथ, रामेश्वर और घृष्णेश्वर के बारे में भी बताया, जहां पूजा से मानसिक शांति और शक्ति का संचार होता है। कथा के दौरान पं. बृजेश जी महाराज ने माता पार्वती के नौ रूपों की भी व्याख्या की। उन्होंने बताया कि माता पार्वती के ये रूप जीवन के विभिन्न पहलुओं को व्यक्त करते हैं और हर रूप में अलग-अलग शक्तियों का आशीर्वाद होता है। शैलपुत्री रूप में वे पर्वतों की पुत्री होकर शांति और धैर्य का प्रतीक हैं, ब्रह्मचारिणी रूप तपस्विनी होकर साधना और तप का संदेश देती हैं। चंद्रघंटा रूप में वे रुद्र रूप में आती हैं, जो भय और कष्टों का नाश करती हैं। कुश्मांडा रूप में वे सृष्टि की उत्पत्ति करने वाली देवी हैं, जो जीवन में सकारात्मकता का संचार करती हैं। स्कंदमाता रूप में वे भगवान स्कंद की माता के रूप में शक्ति और रक्षा का प्रतीक हैं। कात्यायनी रूप में वे राक्षसों का नाश करने वाली देवी हैं और दुष्टों से रक्षा करती हैं। कालरात्रि रूप में वे काल और मृत्यु के रूप में आकर कष्टों का नाश करती हैं। महागौरी रूप में वे शुद्धता और सौंदर्य की देवी हैं, जो हर व्यक्ति को आंतरिक शुद्धता प्रदान करती हैं। सिद्धिदात्री रूप में वे सिद्धियों और आशीर्वादों की दात्री हैं, जो भक्तों की इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। आज समाज सेवी ओर शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता द्वारा जो वार्ड नंबर 9 के पार्षद भी है( सड्डू) कथा के दौरान शिव रूप बनाकर तांडव नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कुल मिलाकर, पं. बृजेश जी महाराज ने जीवन के सही मार्ग पर चलने और समाज में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिए। 1 मार्च से श्रीमद् महाशिवपुराण की कथा प्रारंभ हुई थी, जिसका समापन और भंडारा 8 मार्च को होगा।


## कार्यालय नगर परिषद् देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना (म.प्र.)

क्रमांक/391/लो. नि.शा./ ई-निविदा/2025 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** देवेन्द्रनगर, दिनांक : 06/03/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा आमंत्रण | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा क्रय करने की तिथि एवं अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD _407504_1 | INVITING RATES FOR CIVILCONTR-UCTION/OTHERMATERIAL GIVEN IN THE LIST FOR THE FINANCIAL YEAR 2025-26 NAGAR PARISHAD DEVEND-RANAGAR DISTT PANNA M.P. | Time: 12 Months PAC RS: 1000000 | Frist call | Tender Form 2000.00 EMD: Rs. 10000.00 | 08.03.2025 10:30 AM To 24.03.2025 05:30 PM |
| 2 | 2025_UAD _407530_1 | INVITING RATES FOR PUMP AND MOTOR REPAIRING ITEMS AS GIVEN IN THE LIST FOR THE FINA-NCIAL YEAR 2025-26 NAGAR PARI-SHAD DEVENDRANAGAR DISTT PANNA M.P | Time: 12 Months PAC RS: 500000 | Frist call | Tender Form 2000.00 EMD: Rs. 5000.00 | 08.03.2025 10:30 AM To 24.03.2025 05:30 PM |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संबोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकार
नगर परिषद् देवेन्द्रनगर
जिला- पन्ना (म.प्र.)

# ईश्वरीय श्रीमत हमें श्रेष्ठ बनाकर श्रेष्ठचारी दुनिया में जाने के लायक बनाती हैः बीके शैलजा

**छतरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय किशोर सागर द्वारा गढ़ी मलहरा में आध्यात्मिकता की अलख जगाने और दिव्यता युक्त समाज बनाने हेतु गजराज मैरिज गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी किशोर सागर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने कहा कि हर क्षण परिवर्तन तो संसार का नियम है लेकिन भगवान के साथ जो परिवर्तन की प्रक्रिया है वह है एकदम आमूल चूल परिवर्तन जिसको शब्द दिया है कायाकल्प। एकदम कलयुग को सतयुग बना देना, भ्रष्टाचारी दुनिया को श्रेष्ठाचारी बना देना, हम बंदर जैसे प्रकृति के मनुष्यों को जिसकी सूरत तो मनुष्य की है लेकिन सीरत अर्थात लक्षण बंदरों जैसे है उनको मंदिर लायक बना देना, यह कार्य केवल भगवान का ही है। पर भगवान अपना कार्य कोई चमत्कारिक तरीके से नहीं करते हैं या कोई आशीर्वाद या कृपा का हाथ घूमाकर हम सभी को वह ऐसे मनुष्य से देवता बना दें ऐसा नहीं होता है लेकिन



परमात्मा पिता हमें ईश्वरीय पढ़ाई पढ़ाते हैं और इस पढ़ाई से हमारे अंदर सही समझ विकसित होती है। ईश्वरीय श्रीमत अर्थात श्रेष्ठ मत हमें श्रेष्ठता की ओर ले जाती है और हम श्रेष्ठाचारी दुनिया में जाने के लायक बन जाते हैं।कार्यक्रम की शुरुआत छोटी बच्चियों के द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा कु. प्रतिभा, कु. इच्छा द्वारा शिव महिमा पर अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। बीके कल्पना ने कहा कि संग हमें तार देता है और कुसंग हमें डूबो देता है। लेकिन इस संसार में सत्य का संग किसी इंसान का नहीं हो सकता क्योंकि हम सब में कोई ना कोई कमियां अवश्य हैं, सत्य का संग तो केवल एक सत चित आनंद स्वरूप परमात्मा का है और जब हम उस परमात्मा के सत्संग में आते हैं तो हमारा जीवन उन्नति की ओर अग्रसर होता है। बीके कमला ने ओम ध्वनि करके ओम का अर्थ बताया और सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। इस अवसर पर गढ़ी मलहरा गायत्री मंदिर अध्यक्ष भगवत दयाल चौरसिया, महात्मा गांधी स्कूल प्रिंसिपल मोनू चौरसिया, पार्षद जय सोनी, प्रदीप चौरसिया, पुष्पेंद्र वर्मा सहित नगर के अन्य भाई एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में शिव ध्वज फहराया गया एवं सभी को प्रसाद और ईश्वरीय साहित्य भेंट किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला दंडाधिकारी छतरपुर ने आदतन अपराधी दिग्गी राजा को किया जिला बदर

**छतरपुर।** जिला दण्डाधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने थाना गढ़ीमलहरा अंतर्गत आदतन अपराधी दिग्गी राजा उर्फ लवप्रताप सिंह पिता बॉबी राजा उर्फ राघवेन्द्र सिंह उम्र 28 साल निवासी ग्राम कलानी के विरुद्ध आदेश पारित कर जिला बदर की कार्यवाही की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर की गई। पारित आदेशानुसार म.प्र. की आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल नियंत्रण करने के उद्देश्य से म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(2) एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनावेदक को 06 (छः) माह की अवधि के लिए 10 मार्च 2025 शाम 5 बजे से छतरपुर जिले एवं समीपवर्ती सीमा पर लगे हुए जिलों की भौगोलिक सीमाओं से निष्काषित किया गया।
अनावेदक बिना किसी विधि संगत आदेश के छतरपुर जिले की सीमा के अंदर प्रवेश नहीं करेगा। यदि अनावेदक के विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहे हो तो उनकी पेशी में पेशी दिनांक के एक दिन पूर्व जिले में उपस्थित हो सकेगा। उपस्थित होने की सूचना संबंधित थाना को देना होगी, परन्तु पेशी समाप्ति के 06 घण्टे के भीतर जिला छोड़ देना होगा। निष्कासन अवधि में प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में थाना गढीमलहरा को अपनी उपस्थिति की सूचना रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से देगा। यदि अनावेदक के द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### 132 के.व्ही. उपकेंद्र नौगांव लाइन में रखरखाव के कारण 9 को विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा

**छतरपुर।** कार्यपालन अभियंता एमपीईबी छतरपुर ने विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए बताया कि 132 के.व्ही. उपकेंद्र नौगांव लाइन में फीडर के लाइन के रखरखाव का कार्य 9 मार्च 2025 को प्रातः 8 बजे से शाम 7 बजे तक इमरजेंसी शट डाउन रहने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। जिसके अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र नौगांव, एम.ई.एस., लुगासी एवं हरपालपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। आवश्यकता अनुसार उक्त कार्य की समय अवधि घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल कर सकते हैं।

# उद्यमिता, स्टार्टअप और नवाचार से फार्मास्युटिकल सेक्टर में विकास की असीम संभावनाएंः डॉ.अमित जैन

### राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर हुआ व्याख्यानमाला का आयोजन

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के द्वारा प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की 123वी जयंती के उपलक्ष्य पर फार्मा और फार्मेसी प्रैक्टिस में उद्यमिता और स्टार्टअप नवाचार, इनक्यूबेशन सेंटर और फार्मास्युटिकल स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना विषय पर राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस मनाया गया।
अपने व्याख्यान के दौरान कार्यक्रम के संयोजक और संकाय प्रमुख डॉ. अमित कुमार जैन ने फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज की विकास की संभावनाओं एवम् विकास मे स्टार्टअप, इनक्यूबेशन सेंटर, उद्यमशीलता और नवाचारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ जैन ने देश विदेश मे संचालित फार्मेसी से संबधित स्टार्टअप्स के योगदान के बारे बताया। साथ ही स्टार्टअप, इनक्यूबेशन सेंटर, उद्यमशीलता और नवाचारों के लिए भारत सरकार की योजनाओं के बारे मे अवगत कराया। युवाओं के लिए नवाचार और उद्यमिता महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं, रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करते हैं, जिससे वे भविष्य के लिए तैयार हो सकते हैं मुख्य समन्वयक डॉ. दिव्या वंसल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम के मुख्य



वक्ता डॉ मुकेश सिंह सिकरवार, प्रोफेसर एवम् उपनिदेशक, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एमिटी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि आजकल बाजार में कई ऐसे सेहत से जुड़े डिजिटल गैजेट्स जैसे हेयरबैंड, जून ब्रेसलेट, टाओ एक्सरसाइज डिवाइस, ऑरा एक्टिव स्लीप सिस्टम, वेलो, गूगल ग्लास आदि आ चुके हैं, जिनकी मदद से आप अपनी फिटनेस आसानी से बरकरार रख सकते हैं। तकनीक से लैस यह गैजेट्स आपकी सेहत पर अपनी पैनी नजर बनाए रखते हैं। इनकी मदद से ना सिर्फ आप फिट रह सकते हैं बल्कि जरूरी जांच भी घर बैठे कर सकते हैं। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के उपकुलगुरू डॉ गिरीश त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में दवाई कंपनियों तथा चिकित्सा संबंधी क्षेत्रों में आर्टिफेशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। डॉ त्रिपाठी के अनुसार एआइ के बेहतर इस्तेमाल तथा इसमें किए गए नवाचार से दवाइयों के आविष्कार में लगने वाले व्यय तथा समय में अभूतपूर्व कमी आ जाएगी तथा दवाइयों की सस्ते दाम में उपलब्धता सुनिश्चित होगी। अंत में उन्होंने विजन्न विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के संदर्भ में भारतीय भेषजी परिषद द्वारा अनुमोदित फार्मेसी पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा डेटा माइनिंग को समाहित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान फार्मा रंगोली, फेस पेंटिंग प्रतियोगिताओं मे विधार्थियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम, कुलगुरु डॉ. अनिल कुमार धगट, उपकुलगुरु डॉ. गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव विजय सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष पचौरी एवं अन्य पदाधिकारियों ने कार्यशाला के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक डॉ दीपेंद्र सिंह, अभिषेक पाठक, राममिलन विश्वकर्मा, दीपा सिंह, नीलेश अनुरागी, कुलदीप, कीर्ति, शिल्पी, मुस्कान, सोनाली, आलोक, राहुल, रमेश, सौरभ, प्रशंसा, पवन, चतुर, नैन्सी, गोविंद, राजेंद्र एंव प्रह्लाद की प्रतिभागी सराहनीय रही।

## दक्ष इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साइंस का राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ समापन



छतरपुर। दक्ष इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साइंस छतरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हुआ जिसके मुख्य अतिथि गोद ग्राम कर्री की सरपंच लक्ष्मी, उपसरपंच महेंद्र तिवारी जी रहे। विशेष शिविर में समस्त छात्र स्वयंसेवी तथा समस्त स्टाफ एवं अनेक प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शशांक चौरसिया एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका पांडे जी ने कार्यक्रम का संचालन किया साथ प्रोफेसर आशीष वर्मा एवं अखिलेश पाल भी पूरे शिविर में उपस्थित रहे और छात्रों को मार्गदर्शन भी देते रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया ग्रामीण प्रबुद्ध जनों ने शिविर की सराहना की और पुनः विशेष शिविर लगाने का आग्रह किया । डॉ श्वेता गर्ग पैथोलॉजिस्ट जिला अस्पताल छतरपुर, ने भी ऐसे शिविर में पुनः आने के लिए भी कहा और मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष रुझान भी दिखाया। इसके साथ-साथ समस्त अतिथि विद्वान एवं सभी कर्मचारी सहित ग्रामीण के प्रबुद्ध जनों ने कैंप के समापन समारोह का आनंद लिया। इसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भी आनंदित होकर स्वयंसेवक की तरह ढेरों क्रियाकलाप एवं श्रमदान कर गोद ग्राम कर्री में जागरूकता फैलाई। सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान लजीज भोजन के साथ कैंप के समापन की घोषणा की गई सभी वॉलिंटियर्स ने शिविर का सामान व्यवस्थित किया और कुशलता के साथ सभी लोग अपने-अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचे। सभी छात्र छात्राएं महाविद्यालय पहुंचकर पुनः अपने घरों को रवाना हुए और इस तरह से दक्ष इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साइंस छतरपुर का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर विधिवत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आंगनबाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष पर चेन स्नेचिंग के दौरान आरोपी ने किया हमला

**बड़ामलहरा।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गंज तिगड्डा पर मोमोज खरीद रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की जिलाध्यक्ष स्वाति राय के ऊपर चेन स्नेचिंग में असफ़ल होने पर आरोपी ने



पत्थर से हमला कर लहू लुहान कर दिया जिससे उनके सिर में कई टांके आये है। उक्त घटना के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वाति राय ने बताया कि गुरुवार की शाम 7 बजे गंज तिगड्डा पर मोमोज की दुकान पर बच्चों के लिए मोमोज खरीद रही थी तभी कल्लू यादव आया और उसकी चेन स्नेचिंग के लिए उसके गले मे हाथ डालने लगा तो महिला ने उसका हाथ पकड़ लिया जिसे छुड़ाकर उसने महिला के सिर में भारी पत्थर मार दिया जिससे वह लहू लुहान हो गयी। आरोपी मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 100 डायल को सूचना देते हुए घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ामलहरा भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### अब हर्ष परमार और कुजूर के लेनदेन का क्या होगा?

शहर के तमाम लोगों के करोड़ों रुपए लेकर रफू चक्कर हुआ शातिर खिलाड़ी हर्ष परमार पुलिस से आंख मिचोली खेल रहा है। जिन लोगों के पैसे हर्ष परमार ले गया है उन लोगों ने कोतवाली में शिकायत भी दर्ज कराई है ऐसा कहा जा रहा है कि उसे किसी न किसी रूप में संरक्षण मिल रहा था इसलिए वह पुलिस के हाथ नहीं आया। दिवंगत टीआई कोतवाली अरविंद कुजूर के भी 55 लाख रुपए हर्ष परमार ने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में फंसा कर ले लिए थे। श्री कुजूर की यह मोटी रकम भी वापस नहीं हो सकी। सूत्रों का कहना है कि नटवरलाल हर्ष परमार अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर न केवल आम लोगों को चूना लगाता रहा बल्कि रकम को जल्द दुगना और तिगुना करने का भरोसा देकर



अधिकारियों से भी मोटी रकम ऐंठ ली थी। सूत्रों पर भरोसा करें तो दिवंगत टीआई अरविंद कुजूर से भी 55 लाख रुपए लेकर हर्ष परमार ने अपने कथित व्यवसाय में लगा दिए थे। चूंकि रकम ज्यादा है इसलिए अरविंद कुजूर अपने साथ घटित हुई धोखाधड़ी को किसी के समक्ष आधिकारिक तौर पर कभी नहीं सके। हालांकि उनसे जुड़े लोगों को इस बारे में बेहतर जानकारी थी।

## कलेक्टर के निर्देश पर नौगांव में अवैध गुटखा फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में गुरुवार को एसडीएम नौगांव काजोल सिंह के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नौगांव में अवैध गुटखा फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की गई।
खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन ने बताया कि नौगांव स्थित शिव ट्रेडर्स एवं समृद्धि ट्रेडर्स पर छापा मार करवाई कर प्रतिबंधित गुटके की नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। शिवा ट्रेडर्स से केजी सुगंधित सुपारी, राज स्वादिष्ट सुपारी, भोला स्वादिष्ट सुपारी, किंग सुगंधित सुपारी के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। साथ ही 803 पैकेट प्रतिबंधित सुपारी की जब्ती की गई है तथा समृद्धि ट्रेडर्स से किंग स्वादिष्ट सुपारी एवं केजी स्वादिष्ट सुपारी के नमूने लिए गए हैं तथा 80 पैकेट की जब्ती की गई है। इसके बाद संयुक्त टीम द्वारा नौगुवां स्थित स्थित खसरा नंबर 1848 के खेत में बनी गुटखा फैक्ट्री पर छापा मार कार्रवाई की गई। जिसमें उमेश कुशवाहा द्वारा प्रतिबंधित गुटखा भोला स्वादिष्ट सुपारी का निर्माण करते पाया गया। फैक्ट्री से गुटखा निर्माण मशीन सहित समस्त सामग्री को जब्त कर थाना प्रभारी नौगांव को सुपुर्द की गई है। शिव ट्रेडर्स पर जब्त की गई सामग्री का अनुमानित मूल्य 4 लाख रुपए, समृद्धि ट्रेडर्स पर जब्त की गई सामग्री का मूल्य 4 हजार तथा गुटखा फैक्ट्री पर पकड़ी गई गुटखा सम्बन्धित सामग्री की कीमत लगभग 15 लख रुपए होना पाई गई है।

## 351 वर-वधू ने सामूहिक विवाह में लिए सात फेरे

**लवकुशनगर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत शुक्रवार को लवकुशनगर में 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह आयोजित किए गए। नगर परिषद द्वारा आयोजित सामूहिक कन्या विवाह में 351 वर-वधुओं के विवाह कराए गए। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया ने शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान कर उन्हें 49 हजार रूपए की चेक सौंपी।
जानकारी के अनुसार लवकुशनगर के आनंदम् मैरिज गार्डन में क्षेत्र की 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह आयोजित किए गए। विवाह समारोह में नगर परिषद द्वारा वर-वधू के परिजनों सहित अन्य लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था भी की थी। सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने नवविवाहित जोड़ों को 49-49 हजार रूपए के चेक भी वितरित किए।

## आत्महत्या कांड में संदिग्ध आशीराजा की तलाश

अरविंद कुजूर आत्महत्या काण्ड में पिछले 24 घंटों से उनकी एक महिला मित्र आशी राजा सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। मूलतः बिजावर की रहने वाली 25 वर्षीय आशी राजा अपनी मां के साथ छतरपुर के रजा हॉल के समीप निवास करती थीं। सूत्र बताते हैं कि अरविंद कुजूर और आशीराजा के बीच काफी निकट संबंध थे। इस मामले में सूत्रों का दावा है कि आत्महत्या के पहले भी अरविंद कुजूर और आशीराजा के बीच कई बार बात हुई थी। पुलिस की एक टीम आत्महत्या के बाद से ही आशी राजा की तलाश में जुटी है। 6 मार्च को ही एक टीम ने आशीराजा के छतरपुर आवास पहुंचकर उनकी तलाश की



लेकिन यह लड़की तब तक घर से फरार हो चुकी थी। पुलिस ने उसकी मां से पूछताछ की और इसके बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। बताया गया है कि अरविंद कुजूर के साथ आशीराजा का रिश्ता लगभग एक साल पुराना था। आशीराजा बेहद गरीब परिवार से थीं जो छतरपुर आकर विद्यार्थी परिषद की छात्र राजनीति से जुड़ीं और इसी दौरान अरविंद कुजूर के निकट आ गयी थीं। पुलिस की जांच में यह साफ हो सकेगा कि इस आत्महत्या काण्ड में आशीराजा की क्या भूमिका है। पुलिस उसके सीडीआर खोजकर उसकी तलाश कर रही है।

## डब्लूजीएफआई आईटी बॉम्बे, एमआईआईसीएन पायलट प्रोजेक्ट की कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान प्रगति न होने पर जताई नाराज़गी

**सिंगरौली।** डब्लू.जी.एफ आई.आई.टी बॉम्बे सहायति एम.आई.आई सी.एन पायलट प्रोजेक्ट के तहत माँ - बच्चों की जोड़ी को गोद लेने के साथ चिन्हित गर्भावस्था वाली माताओं का एन.एन.सी. फॉलोअप से प्रोटीन गणना और जन्म के समय बच्चे के बजन करना, इसके उपरांत स्तनपान कौशल सीखने के साथ ही प्रोजेक्ट अंतर्गत चिन्हित 6 माह के बच्चों की माताओं को आहार परामर्श देने हेतु 3 दिसंबर 2024 से 14 दिसंबर 2024 तक स्वास्थ्य विभाग सहित महिला बाल विकास के सुपरवाईजरो को प्रशिक्षित कर क्षेत्र में सर्वे करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही लक्ष्य भी निर्धारित किया गया था। जिसकी समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा आयोजित कर जानकारी ली गई। बैठक में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति नही होने पर कलेक्टर के द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुयें संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आगामी समय सीमा बैठक तक लक्ष्य के अनुरूप स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर प्रगति प्रतिवेदन दिया जाना



सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि प्रोजेक्ट में जिन कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है वे चिन्हित माताओं बच्चो का प्रति सप्ताह परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को अपडेट करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस कार्य में अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। यदि समय सीमा में प्रगति नही होती तो संबंधित विभागीय अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## सांसद के मुख्य अतिथि में देवसर में 359 जोड़ो ने लिए सात फेरे

सांसद, विधायक ने दिए नव विवाहित जोड़ो को आशिर्वाद



**सिंगरौली।** जनपद पंचायत देवसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, निकाह आयोजित में 359 जोड़ो ने अग्नि को सांक्षी मानकर विवाह बंधन में बधे। समारोह का आयोजन सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्र के मुख्य अतिथि में एवं सिहावल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक के अध्यक्षता में तथा जनपद पंचायत देवसर के अध्यक्ष प्रणव पाठक, एसडीएम अखिलेश सिंह के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में उपस्थित वर वधुओ को अपनी शुभकामना कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह के आयोजन से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहारा मिल रहा है। सांसद ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में मदद करना था। उन्होंने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से गरीब परिवारों के शादी के खर्चों की चिंता दूर हुई है। सांसद ने कहा कि सभी जातियों के लोग एक मंडप में सबके साथ समानता का व्यवहार करते व सामाजिक रीति रिवाजों, परंपराओं से दाम्पत्य सूत्र में बधते है। इससे सर्वधर्म समाज और सामाजिक संस्कृति को बल मिलता है, उन्होंने सात फेरों के सात वचनों पर बल देते हुए पति पत्नी को सामंजस्यपूर्ण जीवन जीते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ने की शुभकामनाएँ दिया। वही सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने नव दम्पत्ति को अपना आशिर्वाद देते हुये कहा कि शुभ विवाह पाणिग्रहण संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है जिसमें पति पत्नी एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं । यह सामूहिक विवाह समाज की समरसता एवं समरूपता का प्रतिफल है। समारोह के दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव तिवारी सहित वरिष्ट समाजसेवी, जनपद पंचायत के सदस्य,ग्राम पंचायतों के सरपंच, पच, सहित वर वधु पंक्ष के माता पिता परिवार जन उपस्थित रहे।

## एनसीएल सीएसआर के तहत सेवा कुटीर केंद्रों की स्थापना के लिए दे रही वित्तीय सहयोग

**सिंगरौली।** एनसीएल दूरस्थ ग्रामीण बच्चों के शैक्षणिक सहित समग्र विकास को समर्पित है एनसीएल का यह प्रयास* भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सिंगरौली के चितरंगी ब्लॉक में 25 सेवा कुटीर केंद्रों की स्थापना हेतु वित्तीय सहयोग कर रही है। इन केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य निवासरत जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में गुरुवार को एनसीएल ने सिंगरौली स्थित ग्राम पीपरवहाँ गांव में सेवा कुटीर केन्द्र का उद्घाटन किया। एनसीएल द्वारा पोषित इन केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन 'परिवार एजुकेशन सोसाइटी' द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (सीएसआर), एनसीएल श्री राजीव रंजन, प्रबंधक (सीएसआर), अभिषेक कुमार, उप-प्रबन्धक (सीएसआर), राजा राम यादव एवं परिवार एजुकेशन सोसाइटी से कपिल भारद्वाज और



उनकी टीम तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। एनसीएल द्वारा पोषित ये सेवा कुटीर केंद्र एक अध्ययन केंद्र के रूप में कार्य करेंगे जहाँ 3 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिष्ठित सरकारी आवासीय शैक्षणिक संस्थानों जैसे नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय आदि में प्रवेश के लिए तैयार और प्रशिक्षित किया जाएगा। इन केन्द्रों में बच्चे विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल-कूद, योग एवं अन्य में भाग लेंगे जिससे कि उनके शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को सकारात्मक दिशा मिलेगी । गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में 'शिक्षा एवं बाल विकास' को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एंव गतिविधियों का आयोजन करती रही है। एनसीएल का यह प्रयास सिंगरौली परिक्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है।

# 500 रुपए के लिए नाबालिकों ने की थी बस में पत्थरबाजी, इंदौर में बैठकर जय भवानी ट्रेवल्स के संचालक ने रची थी हमले की साजिश, तीन गिरफ्तार

रीवा।



अधिक कमाई के लिए दो बस संचालको के बीच छिड़ी जंग में एक डाक्टर की जान ले ली। बता दे कि विगत दिवस चोरहटा मे सरेराह बस को रोककर उसमें पथराव के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बस संचालक ने 500 रुपए में बस पर पथराव की सुपारी दी गई थी, जिस पर नाबालिगों ने उसमें पत्थर मारे थे। बाद में आरोपियों ने उनको धमकियां भी दी थी। मास्टरमाइंड बस संचालक दर्शन सिंह ने इंदौर में बैठकर हमले की साजिश रची थी। पुलिस ने चार दिन पहले हुई बस हुई पत्थरबाजी की वारदात का खुलासा गुरुवार को कर दिया है। चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि तीन दिन पूर्व रीवा से इंदौर जा रही इंटरसिटी की बस पर पत्थरबाजी कर हमला करने के बाद डॉक्टर की मौत के मामले में एक युवक सहित दो नाबालिको को गिरफ्तार किया गया है। वहीं जिस बस संचालक द्वारा घटना को अंजाम दिलाया गया था वह अभी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि रीवा से इंदौर जा रही इंटरसिटी बस पर चोरहटा के समीप बाइक से आए आरोपियों ने पथराव कर दिया था. जिससे उसमें सवार यात्री डॉ. हीरामणि कोरी की मौत हो गई थी। मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर और सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की थी, पुलिस टीम ने एक नावालिग को पकड़ा, तो उससे पूछताछ में हत्याकांड का खुलासा हो गया। उसकी निशानदेही पर दूसरे नाबालिग सहित उनको सुपारी देने वाले आरोपी दिव्यांशु सिंह उर्फ गोलू निवासी खैरहन थाना सिरमौर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर ले लिया है। दोनों नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश किया गया है।बॉक्स पैसों की लालच में नाबालिकों ने बरसाए थे पत्थर बता दें कि जय भवानी ट्रेवल्स के संचालक दर्शन सिंह ने दिव्यांश सिंह नामक युवक को बस में पथराव कराए जाने की जिम्मेदारी थी। जिसके बाद दिव्यांश सिंह ने दो नाबालिक युवको को 500 रुपए देकर बस में पत्थर बरसाने के लिए दिए थे और नाबालिको ने पैसों की लालच में बस के आते ही उस पर पत्थर बरसा दिए जिससे बस के कांच टूट गए थे और बस में बैठे डाक्टर हीरामणि कोरी की मौत हो गई थी।बॉक्स लंबे समय से चल रहा था विवाद पूर्व में भी हुई थी शिकायतइंटरसिटी बस में इससे पूर्व भी कई जगह तोड़फोड़ हुई है। कॉलेज चौराहे के पास भी बाइक सवार आरोपियों ने पत्थर मारा था. जिसका मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज है। इसके अतिरिक्त अन्य थानों में भी इस तरह से बस पर पथराव की घटना हुई है। पुलिस इन सभी घटनाओं में जय भवानी टेवल्स संचालक की भूमिका की जांच कर रही है।



# दुकानदार ने ग्राहक पर किया हमला, पैसे वापस मांगने पर हुआ विवाद, सेमरिया थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

रीवा

जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में राजश्री खरीदने गए ग्राहक के साथ दुकानदार द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है, बता दे एक गुटखा खरीदने गए युवक पर दुकानदार पिता-पुत्र ने हमला कर दिया। यह घटना बुधवार रात की है, जब युवक ने 100 रुपये का नोट देकर 20 रुपये का गुटखा खरीदा और 80 रुपये की शेष राशि वापस मांगी। इसी पर दुकानदार ने युवक से गाली-गलौज की और बाद में अपने पुत्र के साथ मिलकर उसे लाठी-डंडों से पीट डाला,घटना के बाद घायल युवक लहूलुहान हालत में सेमरिया थाने पहुंचा और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। घायल युवक पुष्पेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बुधवार रात लगभग 8 बजे वह हरदी आश्रम के पास स्थित एक दुकान पर गुटखा खरीदने गया था। उसने 100 रुपये का नोट दिया और 20 रुपये का गुटखा लिया, लेकिन जब उसने 80 रुपये की बाकी रकम वापस मांगी तो दुकान के संचालक रघुवीर तिवारी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब युवक ने इसका विरोध किया, तो दुकानदार ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसे लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट डाला। इस हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आईं। घायल युवक ने बताया कि इसके बाद वह किसी तरह सेमरिया थाने पहुंचा और पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया और घायल युवक को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत मिठाई दुकानों की जांच की गई



**रीवा।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा दिए गए किए निर्देश पर होली के त्योहार के दृष्टिगत मिष्ठान प्रतिष्ठानों की जाँच का व्यापक अभियान खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आरंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत मनगवा क्षेत्र में मिष्ठान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। तिवारी होटल की जाँच के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों में मिष्ठान का निर्माण एवं विक्रय करना पाया गया। मिल्क केक संदेहास्पद होने से मिल्क केक का नमूना जाँच हेतु लिया गया है। इसी प्रकार बिकानेर मिष्ठान भंडार में जाँच के दौरान विक्रय किया जा रहा दही संदेहास्पद होने से नमूने जाँच हेतु लिया गया। रीवा स्थित गुप्ता जी मिठाई वाले शॉप का निरीक्षण करने पर एक्सपायरी डेट के नमकीन, सोन पपड़ी, ड्राइफ्रूट्स पैकेट पाए गए जिन्हें नष्ट कराया गया।

### सीईओ जिला पंचायत ने बोर्ड परीक्षा केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण



**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा जारी हायर सेकेण्डरी परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय रायपुर कर्चुलियान का निरीक्षण किया। विद्यालय में कक्षा 12वीं के भूगोल प्रश्न पत्र की परीक्षा आयोजित की जा रही थी। उन्होंने परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा केंद्र प्रभारी को परीक्षा के संचालन के लिए बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन कराये जाने के निर्देश दिये।

### उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग गौशाला परिसर में कृष्णवट वृक्ष व भोजपत्र वृक्ष का किया रोपण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग गौशाला परिसर में कृष्णवट वृक्ष व भोजपत्र वृक्ष का रोपण किया। उन्होंने कहा कि इन वृक्षों में भगवान का वास होता है। इनका रोपण गौशाला के लिए सौभाग्यशाली है। श्री शुक्ल ने कहा कि लक्ष्मणबाग गौशाला के प्रताप से ही बसामन मामा गौवंश वन्य विहार की स्थापना हुई तथा हिनौती में गौधाम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मणबाग गौशाला से संबद्ध सभी जन साधुवाद के पात्र हैं जो इसे प्रभावी व सिद्ध क्षेत्र बनाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। इस गौशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्रियों, मनीषियों व संतों का आगमन हो चुका है। श्री शुक्ल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी कृष्णवट वृक्ष व भोजपत्र वृक्ष के धार्मिक महत्व को समझकर पुण्य प्राप्त कर पाएगी। उन्होंने दोनों वृक्षों को उपलब्ध कराने के लिए बाला व्यंकटेश शास्त्री जी को साधुवाद दिया। इससे पूर्व बाला व्यंकटेश शास्त्री ने दोनों वृक्षों के पौराणिक व धार्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मार्च माह के अंतिम सप्ताह में लक्ष्मणबाग गौशाला परिसर में कल्पवृक्ष भी उप मुख्यमंत्री द्वारा रोपित किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने गौपूजन कर गाय को गुड़ खिलाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, गोकरण जी महाराज, घनश्याम ताम्रकार, डॉ राजेश मिश्रा, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी सहित शहर के प्रबुद्धजन व गौशाला से जुड़े व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आईटीआई में आईईसी कार्यक्रम आयोजित



**रीवा।** आईटीआई रीवा में आईईसी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें योग्य उम्मीदवारों का ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र उपस्थित रहे, जबकि व्हाट्सएप के माध्यम से 1500 छात्रों से संपर्क किया गया। इसके अतिरिक्त, एनजीओ कृष्ण समाजोत्थान समिति द्वारा सतना, रीवा और सिंगरौली में स्थित 9 एफपीओ के साथ भी बैठकें आयोजित कर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इन एफपीओ में लगभग 1000 सदस्य जुड़े हैं, जिससे व्यापक स्तर पर जागरूकता बढ़ने की संभावना है। नाबार्ड के प्रतिनिधि के अनुसार, ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, आरसीटी, बीएलसीसी, डीएलसीसी विभिन्न बैंकों और अन्य संस्थानों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रयास से लगभग 2000 लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में युवाओं को देश की 500 कंपनियों में इंटर्नशिप एवं बेहतर मेटरशिप प्राप्त करने के लिये आवेदन 12 मार्च तक आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु के उम्मीदवार जो पूर्व में किसी आर्प्रेंटिसशिप का लाभ नहीं प्राप्त किये हों वह इस योजना में आवेदन कर सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर टीआरएस कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

**रीवा ।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं आई. क्यू.ए.सी.द्वारा दिनांक 08 एवं 09 मार्च 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी (सशक्त महिलाःसशक्त राष्ट्र) का आयोजन किया जा रहा है। शोध संगोष्ठी में विभिन्न प्रांतों एवं स्थानीय विशेषज्ञों द्वारा चिंतन मनन किया जाएगा। शोध संगोष्ठी की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा पाल, जिलाध्यक्ष, मुख्य वक्ता डॉ. सस्मिता पटेल, विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग, गुरूघाषीदास केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र ताम्रकार अध्यक्ष जनभागीदारी समिति तथा अध्यक्षता डॉ. अर्पिता अवस्थी के द्वारा की जायेगी। संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल है। शोध संगोष्ठी में महिला सशक्तिकरणः समाज में परिवर्तन की दिशा, नारी शक्तिः आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम, महिला नेतृत्व चुनौतियाँ और अवसर, नारी के अधिकार और उसकी भूमिका आज और कल, महिलाओं का समग्र विकास शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार, समाज में महिला सशक्तिकरण का प्रभाव, महिला सशक्तिकरणः सामाजिक दृष्टिकोण, कौशल विकास और महिला उद्यमिता भारत में महिला उद्यमिता, महिला उद्यमिता और



स्वयं सहायता समूह, उद्यमिता और नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण, नवाचार स्टार्ट-अप अवसर महिला विकास, महिला सशक्तिकरण समाज में सकारात्मक परिवर्तन का उत्प्रेरक, महिला सशक्तिकरणः आर्थिक दृष्टिकोण, महिला सशक्तिकरणः राजनीतिक दृष्टिकोण, महिला सशक्तिकरणः मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण, महिला सशक्तिकरणः दार्शनिक दृष्टिकोण, महिला सशक्तिकरणः साहित्यिक दृष्टिकोण, महिला सशक्तिकरणः वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नारी शक्ति समाज में बदलाव की नई दिशा, महिलाओं का सशक्तिकरण समाज की दिशा और दशा में सुधार, महिला सशक्तिकरण के द्वारा समाज में परिवर्तन की यात्रा, महिला सशक्तिकरण समाज में बदलाव की धारा, नारी सशक्तिकरण समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों की कुंजी, महिला सशक्तिकरण समाज में व्याप्त असमानताओं को समाप्त करने की दिशा, महिलाओं की आवाज़ समाज में बदलाव और सशक्तिकरण की दिशा, समाज में महिला सशक्तिकरण नई सोच नया बदलाव, महिला सशक्तिकरण समाज में सशक्त परिवर्तन की कुंजी, महिला सशक्तिकरण से संबंधित आदि बिंदुओं पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

# अंगदान परोपकार का सर्वोच्च उदाहरण, जाते-जाते दो लोगों को जीवन दे गये पूरन, उप मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

रीवा



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि अंगदान एक महान पुण्य कार्य है, जिससे न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह मानवीय संवेदना और परोपकार का सर्वोच्च उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय पूरन चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की है और समाज से अंगदान को जीवनदायी संकल्प के रूप में अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति बढ़ती जागरूकता, चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ की कार्य कुशलता एवं आपसी समन्वय से अत्यंत ही सुखद परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने जबलपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की पूरी टीम प्रशासन और पुलिस की कुशलता एवं तत्परता की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि 5 मार्च को जबलपुर के श्री पूरन चौधरी कार्यस्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उन्हें गंभीर सिर की चोट आई। मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती होने के बाद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में उनकी जांच की गई, जिसमें ब्रोन डेड की पुष्टि हुई। तत्पश्चात, चिकित्सकों ने परिजनों को अंगदान के महत्व की जानकारी दी, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इसके बाद, स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन इंदौर को सूचित कर आवश्यक तैयारियाँ की गईं। कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिससे एक किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर और दूसरी बड़ेरिया मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर में जरूरतमंद मरीज को सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट की गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया में डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाहा, डॉ. जितिन बजाज, डॉ. फनीन्द्र सिंह सोलंकी, अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासन और पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। अंगदाता स्वर्गीय श्री पूरन चौधरी के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान पहुँचाया गया और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शीघ्र ही डीएम व एमसीएच के पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे - उप मुख्यमंत्री

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया सतत जारी



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुआ है। अल्प समय में ही इस अस्पताल की अपनी पहचान बन गई है। यहाँ पदस्थ चिकित्सकों ने गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज किया है। इसे और बेहतर बनाने की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। चिकित्सकों सहित सहयोगी स्टाफ के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया सतत जारी रखी जाए। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि वॉकइन माध्यम से पदों की पूर्ति की कार्यवाही कराएं। उन्होंने अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए की जाने वाली बाईपास सर्जरी के संबंध में डॉक्टर्स व सहयोगी स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में नियमित बाईपास किए जाएं। इसके लिए यदि बाहर से एनेस्थेटिक विशेषज्ञ व अन्य सहयोगी स्टाफ को बुलाया जाए तो उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएम व एमसीएच के पाठ्यक्रम शीघ्र ही प्रारंभ होंगे जिससे यहाँ अध्ययन करने वाले चिकित्सकों की सुविधाएं भी अस्पताल को मिलने लगेंगी। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों के पदोन्नति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण चल रहा है। इसे और गति देते हुए निश्चित समय सीमा में पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना विन्ध्य क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इसका निर्माण कार्य भी प्रगति में है। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एमआरआई एवं नवीन कैथलैब शीघ्र स्थापित कर दी जाएगी। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीन डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ अक्षय श्रीवास्तव, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ राहुल मिश्रा सहित चिकित्सक तथा निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# देवतालाब विधायक ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली



**मऊगंज।** जिले के देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली जिसमे देवतालाब विधानसभा की पंचायतों में भ्रष्ट व्यवस्था और कई चल रहे कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी उक्त बैठक में सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे विधायक गिरीश गौतम ने कई पंचायत में कई वर्षों के पूर्व भुगतान वर्तमान में किए गए कुछ ऐसे भुगतान हुए हैं जिनकी फाइलें उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और कुछ पंचायतें ऐसी हैं जहां पूर्व और वर्तमान दोनों सरपंचों को भुगतान किया गया वहीं आवास योजना में पात्र हितग्राहियों को जोड़ने पर बल दिया गया विधिवत मॉनिटरिंग कर आवास दिए जाने वाले हितग्राहियों का स्थल पर ही विवेचना किया जाए ताकि पात्र हितग्राही आवास से वंचित न हो और अपात्र को इसका लाभ न मिले कलेक्टर ने बीसी आवास को निर्देशित करते हुए इसमें तेजी लाने की बात कही गई विधायक द्वारा नल जल योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई विभाग द्वारा नल-जल योजना धीमी गति से चल रहा है कई पंचायतों में अनैतिक तरीके से भुगतान को लेकर विधायक देवतालाब काफी आक्रामक रहे उन्होंने हिदायत देते हुए कई सचिव और रोजगार सहायकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए कई पंचायतों में डबल प्रभार वाले सचिवों को भी नियमानुसार कार्य करने निर्देशित किया गया

# जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था और सीएम हेल्प लाइन को लेकर कमिश्नर और डीआईजी ने ली बैठक

मऊगंज



जिले में इन दिनों कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो रहे है चाहे थाना प्रभारी के स्थानांतरण का हो या विवादित थाना प्रभारी को थाना प्रभारी बनाने का राजस्व मामलों में सीएम हेल्पलाइन की सैकड़ो फाइलें लंबित है निराकरण नहीं हो पा रहा वहीं दूसरी तरफ पुलिस विभाग में वर्षों की फाइलों का अब तक निराकरण नहीं हो सका है इन्हीं मामलों को लेकर आए दिन जिले में विवाद की स्थिति निर्मित होती है जिसको लेकर कलेक्टर सभागार में कमिश्नर और डीआईजी ने समीक्षा बैठक आयोजित की पत्रकारों से बात करते हुए कमिश्नर ने कहा जल्द सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण किया जाएगा

*इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है वहीं डीआईजी प्रकाश कुमार पांडे से हाल ही में अधिवक्ता से थाना प्रभारी राजेश पटेल द्वारा किए गए अभद्रता के मामले में सवाल किया गया समय पर जांच न होने से अधिवक्ता धरने पर बैठ गए थे डीआईजी द्वारा कानून व्यवस्था में सुधार लाने और समय पर जांच पूरी करने की बात कही लगातार थाना प्रभारी मऊगंज का विरोध अधिवक्ताओं द्वारा किया जा रहा है उन्हें हटाने की मांग की जा रही है किंतु अब तक दो माह गुजर जाने के बाद भी अधिवक्ता को जांच की जानकारी नहीं दी गई और ना हीं थाना प्रभारी पर कोई कार्रवाई की गई।*